परियोजना — 197.50 करोड़ की परियोजना पर नहीं बढ़े कदम, शहर आज भी जाम

# दो साल से फाइलों में कैद रिंग रोड



**अनूपपुर, नवभारत 28 जून।** जिले के सबसे बड़े और बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों में शामिल 197.50 करोड़ रुपये की रिंग रोड परियोजना दो वर्ष बाद भी धरातल पर नहीं उतर सकी है।

वर्ष 2023-24 में तत्कालीन कलेक्टर आशीष वशिष्ठ की पहल पर शहर के चारों ओर लगभग 17 किलोमीटर लंबी फोरलेन रिंग रोड का विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर शासन को भेजी गई थी। उद्देश्य स्पष्ट था— शहर को भारी वाहनों के दबाव, लगातार बढ़ते जाम और सड़क दुर्घटनाओं से स्थायी राहत दिलाना, लेकिन समय बीतने के बावजूद परियोजना विभागीय स्वीकृतियों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में उलझी हुई है।

**शहर का यातायात लगातार दबाव में रहता है-** आज भी अनूपपुर शहर की मुख्य सड़कें प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहनों का भार झेल रही हैं। चचाई थर्मल पावर स्टेशन, हिंदुस्तान पावर (मोजर बेयर), टोरेंट पावर, एसईसीएल की खुली एवं भूमिगत कोयला खदानों से निकलने वाले कोयले और फ्लाई ऐश का परिवहन मुख्यतः अनूपपुर शहर से होकर गुजरने वाले मार्गों से होता है। यही वजह है कि शहर का यातायात लगातार दबाव में रहता है।

### ऐसा होगा प्रस्तावित रिंग रोड

प्रस्तावित रिंग रोड अनूपपुर-जैतहरी मुख्य जिला मार्ग से शुरू होकर ग्राम कुशमहाई पिपरिया पहुंचेगी। यहां से यह अनूपपुर-दर्रीखेरवा मार्ग, कटनी-बिलासपुर रेलवे लाइन तथा अनूपपुर-चचाई मार्ग को पार करते हुए ग्राम करहीबाह (परसवार) और पोड़ी से होकर राष्ट्रीय राजमार्ग-43 के किलोमीटर 179 पर मिलेगी।

### नो-एंट्री से बाहर खड़े रहते हैं सैकड़ों ट्रक

शहर में सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लागू है। इस कारण ट्रक, हाइवा और अन्य भारी वाहन शहर की सीमा से बाहर घंटों खड़े रहते हैं। कई बार सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण दुर्घटनाएं होती हैं, वहीं शहर के प्रवेश मार्गों पर लंबा जाम लग जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि रिंग रोड का निर्माण समय पर शुरू हो जाता तो आज यह स्थिति नहीं बनती।

## अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में अवैध खनन एवं रेत के अवैध परिवहन के विरुद्ध पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना बिजुरी पुलिस ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार 28 जून को थाना बिजुरी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र में बिना वैध अनुमति के रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने भगता कॉलेज के पास छतई कोठी मुख्य मार्ग पर घेराबंदी की। कुछ देर बाद एक लाल रंग का ट्रैक्टर-ट्रॉली मौके पर पहुंचा, जिसे रोककर जांच की गई। जांच में ट्रॉली में रेत लोड पाई गई। वाहन चालक रेत परिवहन से संबंधित अनुमति पत्र अथवा वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को विधिवत जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया।

# ऑटो-बाइक की भिड़ंत, 2 गंभीर घायल

▶ ऑटो में सवार चार यात्री बाल-बाल बचे



**अनूपपुर, नवभारत 18 जून।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार दोपहर मानपुर तिराहा के समीप एक तेज रफ्तार ऑटो और बाइक की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसा कोतवाली थाना से करीब पांच किलोमीटर दूर हुआ। दुर्घटना में ऑटो में सवार चार यात्रियों की जान बाल-बाल बच गई, जबकि दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार घायल ऑटो चालक चुन्नू गुप्ता 51 वर्ष निवासी फुनगा तथा बाइक चालक लोचन रौतेल 25 वर्ष निवासी उमनिया राजेंद्रग्राम को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

### दोनों चालकों के सिर में गंभीर चोट लगी

चिकित्सकों ने बताया कि दोनों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। उनकी हालत को देखते हुए सीटी स्कैन कराया जा रहा है, जिसके बाद आवश्यकता पड़ने पर उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया जा सकता है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### बाइक चालक नशे की हालत में था

दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों को वाहन से बाहर निकालकर एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भिजवाया। सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक जानकारी में यह भी सामने आया है कि बाइक चालक दुर्घटना के समय नशे की हालत में था।

# श्रीधर शर्मा बने मध्यप्रदेश कांग्रेस के महामंत्री



**अमरकंटक, नवभारत।** वर्षों की संगठनात्मक सक्रियता, निष्ठा और समर्पण का प्रतिफल अमरकंटक निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं अधिवक्ता श्रीधर शर्मा को मिला है। उन्हें राहुल प्रियंका सेना मध्यप्रदेश कांग्रेस का महामंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश प्रभारी चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी द्वारा की गई। इस नियुक्ति के बाद अमरकंटक, अनूपपुर सहित प्रदेशभर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। सोशल मीडिया पर उन्हें लगातार बधाइयाँ दी जा रही हैं तथा इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया जा रहा है। श्रीधर शर्मा लंबे समय से कांग्रेस की विचारधारा के प्रति निष्ठा के साथ कार्य करते रहे हैं। उन्होंने संगठन विस्तार, जनसंपर्क और कार्यकर्ताओं को एकजुट करने में सक्रिय भूमिका निभाई है। हाल ही में हुए अमरकंटक नगरीय निकाय चुनाव में भी उन्होंने संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर चुनावी रणनीति को प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समर्थकों का कहना है कि कांग्रेस की स्थिति सुदृढ़ करने में उनके प्रयास उल्लेखनीय रहे।

## बीते 24 घंटे में जिले में 7.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में बीते 24 घंटे के दौरान औसतन 7.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा जारी जानकारी के अनुसार इस अवधि में सबसे अधिक वर्षा अमरकंटक वर्षामापी केन्द्र में 56 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। वहीं बेनीबारी वर्षामापी केन्द्र में 2.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसके अलावा अनूपपुर, कोतमा, बिजुरी, जैतहरी, वेंकटनगर तथा पुष्पराजगढ़ वर्षामापी केन्द्रों में इस दौरान वर्षा दर्ज नहीं हुई। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में वर्षा गतिविधियों में वृद्धि होने की संभावना है। प्रशासन ने नागरिकों से मौसम संबंधी अपडेट पर नजर रखने और आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है।

# विशेषज्ञ चिकित्सकों ने किया स्वास्थ्य परीक्षण

आदिवासी महिलाओं के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**बिजुरी, नवभारत 28 जून।** श्री सत्य साई आदिवासी महिला स्वास्थ्य सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम बेनीबहरा में आदिवासी महिलाओं के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने ग्रामीण महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श के साथ नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान गंभीर बीमारियों से पीड़ित महिलाओं की पहचान कर उन्हें बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए श्री सत्य साई सेवा संस्थान के माध्यम से अस्पताल में भर्ती कराने की व्यवस्था की जानकारी भी दी गई। शिविर का उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और उनके बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

**इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका-** शिविर में डॉ. योगेश धनवार, डॉ. गणेश प्रजापति, डॉ. शीतल प्रजापति, राममिलन जायसवाल, श्याम ताम्रकार, बृजेश प्रजापति, आरके द्विवेदी, नर्मदा सिंह एवं प्रदीप पांडे ने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष सहबीन पनिका, पार्षद अन्नू देवी, लक्ष्मी शुक्ला, कलावती सिंह एवं नमिता कोल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाने की अपेक्षा जताई।

### एक नजर में




## सेफ क्लिक 2.0 जागरूकता अभियान आयोजित

**कोतमा नवभारत।** स्थानीय कोतमा थाना अंतर्गत थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला के नेतृत्व में 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान के तहत एक विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जनता और छात्राओं को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सचेत करना और डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना है। थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला और उनकी पुलिस टीम ने कोतमा मुख्य बाजार का भ्रमण कर स्थानीय व्यापारियों, ग्राहकों और राहगीरों को साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों के बारे में विस्तार से समझाया। टीम ने लोगों को आगाह किया कि मोबाइल पर आने वाले किसी भी संदिग्ध लिंक या लॉटरी के झांसे में नहीं आएं। पुलिस ने सख्त हिदायत दी कि अपना बैंक अकाउंट नंबर, एटीएम पिन या ओटीपी किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ साझा नही करें। अभियान के अगले चरण में पुलिस टीम स्थानीय कन्या छात्रावास पहुंची, जहां छात्राओं को सुरक्षित इंटरनेट बैंकिंग और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी गई।

## बच्चों के स्वस्थ भविष्य के लिए पोलियो की दो बूंद जरूरी : सीईओ अर्चना कुमारी



**अनूपपुर, नवभारत 28 जून।** जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को वार्ड क्रमांक 2 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र से जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य के लिए पोलियो की दो बूंद अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं। उन्होंने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए नियमित टीकाकरण के साथ-साथ पल्स पोलियो अभियान में सभी की सक्रिय भागीदारी जरूरी है।

**कुल 991 पोलियो बूथ बनाए गए : डॉ. तिवारी-** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका तिवारी ने बताया कि जिले में कुल 991 पोलियो बूथ बनाए गए हैं, जहां 0 से 5 वर्ष तक के 1 लाख 12 हजार 498 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर उन बच्चों को भी पोलियो की दवा पिलाएंगी, जो किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच सके।

# 12वां वेतन समझौता लागू होने तक जारी रहेगा संघर्ष : बीएमएस




**जमुना-कोतमा नवभारत 28 जून।** 12वें राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौते (जेबीसीसीआई-12) को तत्काल लागू कराने की मांग को लेकर रविवार 28 जून को एसईसीएल के जमुना-कोतमा क्षेत्र स्थित आमाड ओसीएम में भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) द्वारा विशाल गेट मीटिंग आयोजित की गई।

गेट मीटिंग में सैकड़ों की संख्या में कोयला श्रमिक शामिल हुए और वेतन समझौते में हो रही देरी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। श्रमिकों ने एकजुट होकर स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक 12वां वेतन समझौता लागू नहीं किया जाता, तब तक चरणबद्ध आंदोलन लगातार जारी रहेगा।

**प्रबंधन लगातार कर रहा टालमटोल : उपाध्याय-** गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए बीएमएस के महामंत्री रोशन उपाध्याय ने कहा कि कोयला श्रमिक लंबे समय से 12वें वेतन समझौते का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन प्रबंधन लगातार टालमटोल कर रहा है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए बीएमएस का संघर्ष अंतिम निर्णय तक जारी रहेगा।

जमुना-कोतमा क्षेत्र के जीएम ने उठाया सख्त कदम

# भ्रष्टाचार की शिकायत पर बाबू के खिलाफ कार्रवाई



**जमुना कोतमा, नवभारत 28 जून।** जमुना-कोतमा क्षेत्र में भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र के महाप्रबंधक (जीएम) द्वारा जीएम ऑपरेशन कार्यालय में पदस्थ बाबू सोमेश्वर नारायण पाठक के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की जानकारी सामने आई है।

शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोपों पर संज्ञान लेते हुए जीएम ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की तथा शिकायतकर्ता को आवश्यक होने पर पुलिस थाने में भी शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। बताया जा रहा है कि शिकायतकर्ता ने संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं से जुड़े आरोप प्रस्तुत किए थे। मामले को गंभीर मानते हुए प्रबंधन ने तत्काल हस्तक्षेप किया और तथ्यों की समीक्षा के बाद कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की।

**कर्मचारियों के बीच सकारात्मक प्रतिक्रिया-** क्षेत्र में इस कार्रवाई को लेकर आम जनता एवं कर्मचारियों के बीच सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि यदि भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के मामलों में इसी प्रकार निष्पक्ष एवं त्वरित कार्रवाई होती रही, तो व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा मिलेगा।

## हरे कृष्णा आश्रम में आज होगी नर्मदा स्वर्ण कलश परिक्रमा

**नवभारत, जबलपुर।** चातुर्मास विश्राम के बाद भेड़ाघाट स्थित हरे कृष्णा आश्रम में आज 29 जून को ज्येष्ठ पूर्णिमा के मौके पर सुबह 6 बजे नर्मदा पंचकोशी स्वर्ण कलश की 108 परिक्रमा की जाएगी। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालु भगवान राधाकृष्णा, लड्डू गोपाल और तुलसी मैया की एक साथ संकीर्तन करते हुए 108 परिक्रमा पूरी करेंगे। यह कार्यक्रम आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज और संकीर्तचार्य सुरेश विश्वकर्मा के सानिध्य में होगा।

# एसपी के निर्देश पर आगजनी मामले की जांच शुरू

पहले नामजद शिकायत में नहीं लिखे गए थे आरोपियों के नाम



**जमुना कोतमा नवभारत 28 जून।** भालूमाड़ा थाना अंतर्गत पुलिस चौकी फुनगा क्षेत्र के ग्राम प्यारी नंबर-1 (मोहरटोला) में हुई कथित आगजनी के मामले में नया मोड़ सामने आया है।

पीड़ित ललुआ चौधरी द्वारा पुलिस अधीक्षक अनूपपुर को शिकायत दिए जाने के बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच प्रारंभ कर दी है। मामले की जांच मणिराम मोहरे को सौंपी गई है। पीड़ित ललुआ चौधरी का आरोप है कि 21 जून की रात लगभग 9:45 बजे सुरेश केवट, गोविंद केवट, सारथ केवट, जगदीश केवट और गोपाल केवट ने उनके घर में आग लगा दी, जिससे घर में रखा पंखा, गद्दा, तकिया, कुर्सियां, कपड़े सहित अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया और लाखों रुपये का नुकसान हुआ।

### घटना के तुरंत बाद की थी शिकायत : ललुआ

ललुआ चौधरी का कहना है कि घटना के तुरंत बाद उन्होंने पुलिस चौकी फुनगा में नामजद शिकायत दी थी, लेकिन उनकी रिपोर्ट में आरोपियों के नाम दर्ज नहीं किए गए। उनका आरोप है कि बिना पूरी जानकारी पढ़ाए उनसे हस्ताक्षर भी करा लिए गए। पीड़ित के अनुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद पुलिस ने उनका आवेदन विधिवत स्वीकार किया और मामले की



## एमपीपीजीसीएल डायरेक्टर कमर्शियल ने किया सारनी का निरीक्षण

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (एमपीपीजीसीएल) के डायरेक्टर कमर्शियल मिलिंद भान्दक्कर ने सतपुड़ा ताप विद्युत गृह, सारनी में निर्माणाधीन 660 मेगावाट क्षमता की सुपरक्रिटिकल इकाई (यूनिट-12) का विस्तृत निरीक्षण किया। प्रबंध संचालक मनजीत सिंह के निर्देशानुरूप उन्होंने परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए वरिष्ठ अभियंताओं, अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परियोजना को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों के साथ पूरा किया जाए। इस दौरान उन्होंने परियोजना स्थल पर तैयार किए गए नवीनीकृत शेड्स का भी विधिवत लोकार्पण किया। निरीक्षण के दौरान भान्दक्कर ने बॉयलर व टरबाइन क्षेत्र के सिविल, मैकेनिकल और तकनीकी कार्यों की प्रगति देखी। उन्होंने भेल स्टोरेज यार्ड और साइट कार्यालय जाकर उपकरणों के रख-रखाव, सुरक्षा व तकनीकी समन्वय की समीक्षा की। साथ ही भेल कॉलोनी व बैचिंग प्लांट का निरीक्षण कर श्रमिक सुविधाओं और कार्य की गुणवत्ता व गति का मूल्यांकन किया।

**समीक्षा बैठक में सुरक्षा और बिजली उत्पादन पर चर्चा-** निरीक्षण के बाद समीक्षा बैठक में उन्होंने वरिष्ठ अभियंताओं से संसाधनों की उपलब्धता और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा कर आवश्यक मदद का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि यह 660 मेगावाट की सुपरक्रिटिकल इकाई कम कोयले व कम पानी की खपत में अधिक बिजली उत्पादन करेगी, जिससे पर्यावरण को कम नुकसान होगा और प्रदेश की बिजली जरूरतें पूरी होंगी। उन्होंने प्रबंध संचालक के निर्देश साझा करते हुए अधिकारियों को निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों का पालन करने और गुणवत्ता से समझौता न करने के निर्देश दिए।

अवैध कारोबार — स्वच्छता अभियान को लगा पलीता, नियमों को ताक पर रख कर रिहायशी इलाके में संचालन

# धड़ल्ले से जारी है कबाड़ का अवैध कारोबार

**कोतमा नवभारत।** कोतमा नगर पालिका के वार्ड नंबर 6 में, घनी आबादी वाले आवासीय क्षेत्र के भीतर कबाड़ का अवैध कारोबार धड़ल्ले से फल-फूल रहा है।

विडंबना देखिए कि कुछ ही महीनों पहले नगर पालिका परिषद कोतमा द्वारा यहां लाखों रुपए की लागत से एक नई सीसी रोड का निर्माण कराया गया था, ताकि आम जनता और स्कूली बच्चों को आवागमन में सुविधा हो सके, लेकिन आज उसी चमचमाती नई सड़क के किनारे कबाड़ और कचरे का ऐसा पहाड़ खड़ा कर दिया गया है, जिससे स्थानीय निवासियों और राहगीरों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है।



### शिशु भारती स्कूल के पीछे लगा कचरे का अंबार

यह पूरा मामला वार्ड नंबर 6 स्थित शिशु भारती स्कूल के ठीक पीछे का है। एक तरफ जहां नगर पालिका कोतमा कागजों और होर्डिंग्स पर शहर को ओडीएफ और स्वच्छ रखने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर स्कूल की दीवार से सटकर और रिहायशी इलाके के बीचों-बीच लगा यह कचरे का ढेर नगर पालिका के दावों की जमीनी हकीकत बयां करने के लिए काफी है।

**प्रति सप्ताह खप रहा है 1 से 2 ट्रक कबाड़-** इस पूरे मामले में एक बेहद गंभीर और चौंकाने वाला पहलू भी सामने आ रहा है। सूत्रों के मुताबिक, इस केंद्र से प्रति सप्ताह एक से दो बड़े ट्रक कबाड़ भरकर शहर से बाहर भेजे जा रहे

### कॉलरी से चोरी होने वाला लोहा तो नहीं खपाया जा रहा?

क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है कि कहीं इस कबाड़ की आड़ में कॉलरी से चोरी होने वाला सरकारी लोहा तो नहीं खपाया जा रहा है? यदि पुलिस और प्रशासन इस कबाड़खाने के आवक और जावक के रिकॉर्ड की बारीकी से जांच करे, तो एक बहुत बड़े अंतर्विभागीय रैकेट का पर्दाफाश हो सकता है।